दिनांक 06.03.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम के महापौर परिषद ने लगाई कई प्रस्तावो पर मुहर

भिलाईनगर/ भिलाई निगम के महापौर परिषद ने आचार्य श्री संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज की प्रतिमा स्थापना एवं कीर्ति स्तम्भ निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए अन्य 7 प्रस्तावों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज की प्रतिमा स्थापना जोन- 1 क्षेत्र के नेहरू नगर में समुचित स्थान पर प्रतिमा स्थापना तथा कीर्ति स्तम्भ स्थापित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार पश्चात सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रस्तुत प्रस्ताव पर स्थल चयन एवं ड्राईंग डिजाईन के साथ प्रस्ताव तैयार करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार जोन- 3 संतोषीपारा में स्थित डा. बी.आर. अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन के संचालन संधारण हेतु निविदा प्राप्त वर्तमान एजेसी के लिए 6 माह की वृद्वि करते हुए आगामी 2 वर्ष के लिए पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। आंगनबाड़ी के रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद पर नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही भू-आबंटन संबंधी प्राप्त प्रस्ताव पर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी , लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, केशव चैबे, मालती ठाकुर, चन्द्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त, विभागीय सचिव एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

.0